# कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री नीरज कुमार गौतम, निवासी 273/20 रेलवे लाईन के पास, बडौदा बैंक के पीछे, शान्ति नगर, दौसा जिला दौसा राज0 303303

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, जिला रसद अधिकारी दौसा जिला दौसा

अपील संख्या 81/2022

## निर्णय

दिनांक 27.07.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, जिला रसद अधिकारी दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, जिला रसद अधिकारी दौसा जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, जिला रसद अधिकारी दौसा जिला दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी जिला रसद अधिकारी दौसा को पत्र कमांकःडीएम/कोर्ट/2022/1523 दिनांक 28.06.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, जिला रसद अधिकारी दौसा, जिला दौसा द्वारा पत्र कमांकः रसद/आरटीआई/2022/969 दिनांक 07.07.2022 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को प्रतिलिपि शुल्क जमा कराने हेतु दिनांक 17.6.2022 को लिखा जा चुका है। अपीलांट द्वारा प्रतिलिपि शुल्क जमा नही कराने के कारण सूचना उपलब्ध नहीं कराई जा सकी है। अपीलांट द्वारा प्रतिलिपि शुल्क जमा नहीं कराने से वांछित नकल उपलब्ध नहीं कराई जा सकी है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट द्वारा प्रतिलिपि शुल्क जमा नही कराने से नकल नहीं दी जा सकी है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.02.15 12:46:58 IST
Reason: SelfAttested

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर
जिला कलक्टर

Web Copy - Non Official